भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +3518
सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रशाद (पीआरएएसएचएडी) योजना के क्षमता निर्माण घटक के अधीन आवंटित निधि

+3518. श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार प्रशाद योजना के क्षमता निर्माण, कौशल विकास घटक के अधीन परियोजनाएं कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हाँ,तो उसकी कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रशाद योजना के क्षमता निर्माण घटक के अधीन आवंटित एवम् उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्रशाद योजना के क्षमता निर्माण घटक के अधीन प्रशिक्षण प्रदान किए गए लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना का मुख्य रूप से फोकस कायाकल्प तीर्थ यात्रा और आध्यात्मिक अनुभव हेतु अवसंरचना के विकास पर है। योजना के तहत स्वीकार्य घटकों में क्षमता निर्माण और कौशल विकास घटकों को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत परियोजना घटकों को संबंधित राज्य सरकारों से प्राप्त आवश्यकताओं और अनुरोधों के आधार पर स्वीकृत किया जाता है। मंत्रालय को स्वीकृत परियोजनाओं में ऐसे घटकों के लिए संबंधित राज्य सरकारों से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

****